RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 30 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 68 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में जल्द होगा कैबिनेट विस्तार!

## अमित शाह के साथ बैठक के लिए दिल्ली रवाना हुए सीएम एकनाथ शिंदे

**मुंबई : महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे दिल्ली के रवाना हो गए हैं. सूत्रों के मुताबिक, वे गुरुवार रात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे. इस मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार और राज्य में कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हो सकती है. लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार की सुगबुगाहट है और राज्य में शिंदे-बीजेपी गठबंधन के नेताओं को जगह मिलने की चर्चा है.**



वहीं पिछले साल जून में सरकार बनने के बाद से महाराष्ट्र में कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है. महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार के मुद्दे पर शिंद-बीजेपी गठबंधन की सरकार पर विपक्ष कई मौकों पर हमले कर चुका है. इससे पहले जब सीएम शिंदे और फडणवीस ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी तो इसके बाद दोनों नेताओं ने जल्द कैबिनेट विस्तार की बात कही थी. लेकिन अभी तक तारीख फाइनल नहीं हो पाई है. अमित शाह से मुलाकात के बाद डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि ये मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तय करेंगे कि कब विस्तार होना है. जब जून 2022 में महाराष्ट्र में बीजेपी और शिंदे गुट के गठबंधन की सरकार बनी थी तब 18 मंत्रियों को सरकार में शामिल किया गया था. 9 अगस्त को 18 मंत्रियों को सरकार में शामिल किया गया था. नियमों के मुताबिक, महाराष्ट्र में अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं. गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे की बागवत के बाद महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस) की सरकार गिर गई थी. सभी को चौंकाते हुए एकनाथ शिंदे को सीएम की कुर्सी दी गई. जबकि रेस में बीजेपी के सीनियर नेता और पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस का नाम आगे चल रहा था लेकिन आखिरी समय में सब कुछ बदल गया. देवेंद्र फडणवीस को डिप्टी सीएम के पद से संतोष करना पड़ा.

## उद्धव गुट को लेकर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे का बड़ा दावा, कहा- 'विधानसभा चुनाव में पांच...'



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने को दावा किया कि अगले साल होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पांच से अधिक सीटें नहीं जीत पाएगी. समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात के लिए उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए राणे ने अहमदाबाद में कहा कि शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे कभी भी अन्य राजनीतिक नेताओं के कार्यालयों या आवासों पर नहीं गए. देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर के बीच राणे ने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासियों के लिए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदायों के उद्यमियों की मदद के लिए कई काम किए हैं. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि हम उन्हें इस मुद्दे पर मनाने में सक्षम होंगे.''

केंद्रीय मंत्री राणे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी नीत केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे.




## देवेंद्र फडणवीस के दावे पर शरद पवार का बड़ा बयान

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठठढ) के चीफ शरद पवार ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर गुरुवार (29 जून) को हमला करते हुए बड़ा खुलासा किया. उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनाने के लिए 2019 में बीजेपी के साथ चर्चा की थी. पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार ने कहा, ''देवेंद्र फडणवीस ने विकेट दी तो हमने विकेट उखाड़ ली. गेंदबाज को अगर कोई अपना विकेट दिखा रहा है तो उसे गेंदबाज कैसे छोड़ेगा.'' पवार ने आगे कहा कि फड़णवीस को अनुचित टिप्पणियां करने के बजाय महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए. दरअसल उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए 2019 में शरद पवार से बीजेपी की बातचीत हो गई थी, लेकिन अजित पवार के साथ शपथ ग्रहण से 2 दिन पहले शरद पवार पीछे हट गए.

फडणवीस ने पवार के बयान पर कहा कि मुझे पवार साहब के बयान से बहुत खुशी हुई कि मेरी बात उन्होंने मानी. मुझे आगे भी उम्मीद है कि मैं ऐसे ही आगे भी गुगली मारूंगा और पवार साहब तब भी मेरे फैसलों से सहमत नजर आएंगे.

## कार में आग लगने से हुई महिला की मौत हादसा नहीं हत्या निकली

### पति गिरफ्तार



**जालना,** महाराष्ट्र के जालना जिले में 23 जून (शुक्रवार) को एक दुर्घटना के बाद कार में आग लगने से 32 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। इस घटना में महिला का भी पति के घायल हो गया था। हालांकि, घटना के कुछ दिनों बाद एक बड़ा खुलासा हुआ, जिसमें पता चला है कि महिला की मौत हादसा नहीं बल्कि हत्या थी।

एक अधिकारी ने 29 जून (गुरुवार) को कहा कि पुलिस ने महिला के पति को उसकी हत्या करने और झूठी कहानी बनाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 24 जून की तड़के बुलढाणा जिले के एक मंदिर शहर शेगांव से लौटते समय व्यक्ति ने अपनी पत्नी को कार के अंदर आग लगाकर मार डाला। बता दें कि आरोपी जालना की मंथा तहसील के कार्ला गांव का रहने वाला है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र की अदालतों में महिला वकीलों, वादकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समिति के गठन का निर्देश दिया




**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र की अदालतों में महिला वकीलों, वादकारियों और कर्मचारियों के सामने आने वाली बुनियादी ढांचे और सुरक्षा मुद्दों के समाधान के लिए दो सप्ताह के भीतर एक समिति गठित करने का निर्देश दिया। कमेटी को चार सप्ताह के भीतर सर्वे कर रिपोर्ट देनी है।

कार्यवाहक चीफ जस्टिस नितिन जामदार और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि समिति में प्रधान जिला न्यायाधीश, संबंधित जिला बार एसोसिएशन की महिला प्रतिनिधि, राजस्व से अतिरिक्त कलेक्टर और राज्य के प्रत्येक जिले से कार्यकारी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) शामिल होंगे।

अदालत गैर सरकारी संगठन जन अदालत सेंटर फॉर पैरालीगल सर्विसेज एंड लीगल एड सोसाइटी और पुणे की वकील माधवी परदेशी द्वारा अदालत परिसर में महिलाओं की समस्याओं के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### समानता पर रार

भोपाल में भाजपा कार्यकताओं को संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा समान नागरिक संहिता की वकालत के बाद लगता है जैसे विवादों का 'भानुमति का पिटारा' खुल गया है। यूं तो समान नागरिक संहिता का मुद्दा भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहा है, लेकिन हाल ही में विधि आयोग द्वारा सार्वजनिक व मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों को अपनी आपत्ति दाखिल करने का मौका देने से यह फिर चर्चा में आया। यह आपत्ति जुलाई के मध्य तक प्रस्तुत की जानी है। निस्संदेह, इस मुद्दे को राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिये उछालने के आरोप विगत में भी लगते रहे हैं। कहा जाता है कि भाजपा इसे बहुसंख्यकों के ध्रुवीकरण के लिये प्रयोग करती रही है तो विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के लिये। निस्संदेह, जिस मध्यप्रदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने अपनी बात कही है, वहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। यहां तीन बार सत्ता में रही पार्टी की सरकार के प्रति एक वर्ग का मोहभंग होना स्वाभाविक है। ऐसे में जब विपक्षी दल चुनाव की दृष्टि से भाजपा पर समान नागरिक संहिता का मुद्दा उछालने के आरोप लगा रहे हैं तो इसकी तार्किकता की वजह है। बहरहाल, इस बयान के बाद तमाम राजनीतिक दलों में उबाल देखा जा रहा है। एक समुदाय के निजी कानूनों की वकालत करने वाले संगठन पर्सनल लॉ बोर्ड ने विधि आयोग के सामने अपनी आपत्ति दाखिल करने के प्रयास में तेजी ला दी है, बाकायदा बयान के बाद इसकी बैठक भी हुई है। यह भी अप्रत्याशित है कि तमाम राजनीतिक दलों के विरोध के बीच आम आदमी पार्टी ने समान नागरिक संहिता की केंद्र सरकार की पहल का समर्थन किया है। साथ ही कहा है कि सरकार को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी हितधारकों से विमर्श करना चाहिए। पार्टी का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद चवालीस में वर्णित पक्षधरता का पार्टी सैद्धांतिक तौर पर समर्थन करती है। यह भी कि इस मुद्दे पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ा जाता है तो आप इसके पक्ष में राय रखेगी। वहीं दूसरी ओर इस मुद्दे पर कांग्रेस भी केंद्र सरकार पर हमलावर हुई है। पार्टी का मानना है कि जैसे प्रधानमंत्री एक परिवार में दो कानून होने की बात कर रहे हैं, वह समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन की सरल व्याख्या नहीं है। पार्टी की दलील है कि जहां परिवार को रक्त संबंध जोड़ते हैं,वहीं विविधता की संस्कृति वाले देश को संविधान जोड़ता है। भारत जैसे विविध संस्कृति वाले देश में इसका क्रियान्वयन एक बड़ी चुनौती है और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का अतिक्रमण है। पार्टी तथा अन्य राजनीतिक दलों का आरोप है कि भाजपा महंगाई,बेरोजगारी और हिंसक प्रतिरोध जैसे मामलों से ध्यान हटाने को नागरिक संहिता का मुद्दा उछाल रही है। पार्टी सवाल उठा रही है कि केंद्र सरकार दो पारी से सत्ता में आसीन है, तो यह मुद्दा कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा आम चुनाव आने से ठीक पहले क्यों उठाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, जैसे कि उम्मीद थी कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के समान नागरिक संहिता पर स्टैंड के खिलाफ अकाली दल प्रतिक्रिया देगा, वैसा ही हुआ।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में पेड़ से लटका मिला था व्यक्ति

## पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला... दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में एक व्यक्ति के पेड़ से लटके पाए जाने के दो महीने बाद, शहर पुलिस ने दुर्घटनावश मृत्यु रिपोर्ट को हत्या के मामले में बदल दिया है और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 19 अप्रैल को यहां चेंबूर इलाके में एक पेड़ से शव लटका मिला था।



**पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला**

तिलक नगर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि हालांकि शुरू में पुलिस ने अक्रदर्ज की थी, लेकिन उन्हें संदेह था कि व्यक्ति की हत्या की गई है क्योंकि शरीर पर कुछ निशान पाए गए थे। घटना के बाद जब पुलिस ने उस इलाके के निवासियों से पूछताछ की जहां शव मिला था, तो कुछ लोगों ने उन्हें बताया कि उन्होंने घटना के दिन 2 लोगों को पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए देखा था। अधिकारी ने बताया कि लोगों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन्होंने हस्तक्षेप करने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में वे वहां से चले गए क्योंकि हमलावरों ने उनकी बात नहीं सुनी।

**दो आरोपी हुए गिरफ्तार**

इनपुट के आधार पर, पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया और अधिक जानकारी एकत्र की। अधिकारी ने बताया कि सबूतों की मदद से पुलिस ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान गौतम बोराडे उर्फ टकलाया (28) और अफजल शेख (20) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति की हत्या कर दी थी और बाद में शव को कपड़े की रस्सी से लटका दिया था।

**हमला करने के बाद हो गई मौत**

आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि घटना वाले दिन वे तीनों नशे में थे। अधिकारी ने कहा, उस व्यक्ति ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर उस पर गंभीर हमला किया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 302 (हत्या) समेत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आदित्य ठाकरे की कार का एक्सीडेंट...

## शिवसेना भवन के पास हुआ हादसा, बाइक चालक सीधा SUV में घुसा




**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली बड़ी खबर के अनुसार, यहां के शिवसेना (उद्धव गुट) के पूर्व मंत्री और विधायक आदित्य ठाकरे की कार और एक बाइक के बीच टक्कर हुई बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उक्त हादसा मुंबई के दादर इलाके में सेना भवन के पास हुआ। राहत की बात यह रही कि इस एक्सीडेंट में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। वहीं मामले पर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आदित्य ठाकरे की रवश कार को अचानक एक बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक चालक को पकड़कर शिवाजी पार्क पुलिस को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक चालक का नाम अमित अंजारा है और उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस भी पुलिस ने दर्ज किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अमित के खिलाफ IPC की धारा 279 के तहत मामला दर्ज किया गया है और फिलहाल आगे की जांच जारी है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी एक बाइक एक्सीडेंट हुआ था। दरअसल मोर्निंग वाक के समय एक तेज गति से आ रहा बाइक चालक, CM नीतीश से टकराते-टकराते बचा था।

# ठाणे में भारी बारिश का कहर!

## चॉल का एक हिस्सा ढहने से महिला हुई घायल

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में भारी बारिश के कारण एक मंजिला चॉल का एक हिस्सा ढह जाने से 36 वर्षीय एक महिला घायल हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिला कलेक्टरेट की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घटना मंगलवार रात करीब आठ बजे महागिरी कोलीवाड़ा इलाके में हुई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 25 साल पुरानी चॉल के गलियारे का एक हिस्सा ढह गया और महिला पर गिर गया। सूचना मिलने पर आपदा प्रबंधन टीम के कर्मी मौके पर पहुंचे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया और उसका इलाज हो रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने गलियारे के शेष हिस्से को सील कर दिया, जिसकी स्थिति ठीक नहीं है।



ठाणे नगर निगम (टीएमसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ठाणे में बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 32.22 मिलीमीटर बारिश हुई। इस साल जनवरी से ठाणे में 306.38 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 180.56 मिलीमीटर बारिश हुई थी। टीएमसी ने कहा कि ठाणे में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में इस साल अब तक 70 फीसदी अधिक बारिश हुई है।




# महाराष्ट्र के मुंबई में दो दिनों से लगातार बारिश...

## महाराष्ट्र के 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी का ऑरेंज अलर्ट



**मुंबई:** पिछले कुछ दिनों से मुंबई और उपनगरों में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से बुधवार को कई हादसे घटे। इनमें जनहानि भी हुई। इसके अलावा ज्यादातर हिस्सों में जल जमाव की स्थिति देखी गई। सड़कों पर वाहनों की रफ़्तार काफी धीमी रही। मध्य रेलवे पर लोकल ट्रेनें भी आधा घंटे तक देरी से चलीं। वहीं, नालों में उफान की लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद बीएमसी के कमिश्नर आई.एस. चहल स्थिति को संभालने मैदान में उतरे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले कुछ दिन अलर्ट पर रहें। वहीं मौसम विभाग ने मुंबई में अगले पांच दिनों भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मुंबई में एक दिन की बारिश ने हाहाकार मचा दिया है। ऐसे में लगातार अगर पांच दिन बारिश हुई तो मुंबई में सैलाब आ जाएगा, इसे लेकर लोग परेशान हैं। मुंबई लगातार बारिश की वजह से गांधी मार्केट, सायन रोड, कुर्ला, चेंबूर, कमानी, पश्चिम उपनगर में बोरीवली, मालाड, जोगेश्वरी सहित अंधेरी सबवे, मिलन सबवे व खार सबवे व मालाड सबवे में पानी लग गया। इससे वहां गाड़ियों की आवाजाही काफी धीमी गति से रही। सायन रोड, सायन पुल के नीचे, काला चौकी, माटुंगा व बीपीटी कॉलोनी। मानखुर्द रेलवे स्टेशन, गोरेगांव, वीरा देसाई रोड, बांद्रा, चकाला , वसोर्वा सहित अन्य इलाकों में पानी लगने की शिकायत बीएमसी को मिली है।


**महाराष्ट्र के 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट**

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए महाराष्ट्र के छह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है। मुंबई में गुरुवार को अपेक्षाकृत कम बारिश होगी। ठाणे, रायगढ़, पालघर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और नासिक जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जो विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने का संकेतक है। ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले मुंबई से लगे हैं। आईएमडी ने मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा कि नगर के विभिन्न इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है।

# बिना अनुमति के सोसाइटी परिसर में कुबार्नी देना पूरी तरह गलत - बॉम्बे हाई कोर्ट

**मुंबई:** हाउसिंग सोसायटी में बकरीद पर कुबार्नी को लेकर मुंबई हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका को दिशा-निर्देश जारी किया है. मीरा रोड स्थित हाउसिंग सोसाइटी में बकरा लाने के बवाल के बीच हाईकोर्ट ने अपने निर्देश में स्पष्ट रूप से कहा है कि बकरीद के दिन वो ये सुनिश्चित करें कि किसी भी घर में कुबार्नी नहीं दी जानी चाहिए. बॉम्बे हाईकोर्ट में मुंबई की ही एक सोसाइटी नैथानी हाइट्स में एक मामले को सुनते हुए याचिका दायर की गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने अदालत से खुले में या घरों में कुबार्नी देने से रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसके बाद जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जितेंद्र जैन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की.

इस दौरान उन्होंने कहा कि बीएमसी या नगर निगम ने जिन जगहों पर जानवरों की कुबार्नी के लिए लाइसेंस जारी नहीं किया है, तो वह सुनिश्चित करें, वहां पर कुबार्नी



नहीं दी जानी चाहिए. बता दें कि आज बकरीद या ईद-अल-अदहा मनाई जाएगी. नियमित अदालत के समय के बाद आयोजित एक विशेष तत्काल सुनवाई में, न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि नैथानी हाइट्स सोसायटी में बलि की अनुमति केवल तभी दी जा सकती है, जब नगर निकाय द्वारा लाइसेंस दिया गया हो.

**कोर्ट ने कहा- जिन जगहों पर बलि की अनुमति नहीं, वहां बलि देने पर हो कार्रवाई**

अदालत ने कहा, ''यदि नगर निगम ने कल के लिए उक्त स्थान पर जानवरों का वध करने के लिए लाइसेंस जारी नहीं किया है, तो नगर निगम के अधिकारी पुलिस कर्मियों की सहायता से प्रस्तावित जानवरों के वध को रोकने के लिए कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करेंगे.'' दरअसल, मुंबई हाईकोर्ट में बीते बुधवार की शाम को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के कोर्ट में याचिका दायर की गई तो उन्होंने तुरंत इस मामले की सुनवाई के लिए दो जजों की बेंच गठित कर दी. इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई और फिर शाम को सात बजे फैसला सुनाया गया और बीएमसी को आदेश देते हुए निर्देश का पालन सुनिश्चित करने को कहा. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता सुभाष झा ने बहस की और उन्होंने आज दी जाने वाली कुर्बानियों पर तत्काल रोक की मांग की.

# जगह-जगह जलजमाव से बेहाल, ५ दिन में सवा सौ शिकायतें



**मुंबई :** समय से पहले १०० फीसदी नाला सफाई, बारिश से पहले ही गड्ढामुक्त सड़कें और जलजमाव नहीं होगा, ऐसा दावा करनेवाली महानगरपालिका के सभी दावे दमदार बारिश में पूरी तरह से बह गए हैं। बरसात शुरू होने के साथ ही ५ दिन में मुंबई गड्ढेयुक्त हो गई और गड्ढों को लेकर लगभग १२५ शिकायतें मनपा को आई हैं। कई जगहों पर पानी जमा होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाला सफाई न होने से जहां-तहां कचरा जमा हो गया है, जिसे लेकर हर दिन सैकड़ों शिकायतें मनपा को मिल रही हैं। ऐसे में महानगरपालिका का करोड़ों रुपए इस बारिश में बह जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। बरसात अभी भी शुरू है। मानसून को दस्तक दिए अभी ५ दिन ही हुए हैं। इस बीच अलग-अलग दुर्घटनाओं में ८ लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। मुंबई में जोरदार दस्तक के साथ ही शनिवार से जोरदार बरसात हो रही है, इसके साथ ही दुर्घटनाओं का दौर भी शुरू है। इस बीच महानगरपालिका में गड्ढे, नाला सफाई, कचरा आदि तमाम शिकायतें जनता ऑनलाइन सुविधा के जरिए जमा हो रही हैं। रोजाना सैकड़ों शिकायतें मनपा को मिल रही हैं, जिनका निपटारा करने के लिए मनपा को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# सोसायटी की पार्किंग में बांधकर रखे गए बकरों पर बवाल! बीएमसी ने लिया ये एक्शन

**मुंबई :** मुंबई में एक बार फिर सोसायटी में बकरे मिलने पर विवाद हुआ है. नथानी हाईट्स नाम की सोसायटी में 50 से 60 बकरों को पार्किंग एरिया में रखा गया था. इस सोसायटी में 202 परिवार रहते हैं जिसमें से 145 परिवार मुस्लिम हैं. ऐसे में बकरा ईद के लिए बकरों को लाया गया था. कुबार्नी के लिए सोसायटी के 140 से ज्यादा परिवारों की अनुमति भी ली गई थी. पर कुछ गैर-मुस्लिम, जैन समाज के लोगों ने आपत्ति जताई और पुलिस में शिकायत की. बिल्डिंग में रहने वाले जैन समाज के लोगों ने कहा कि बिना इजाजत के बिल्डिंग में बकरे रखने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं.



इसे लेकर लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में पिटीशन भी दर्ज करवाई.

**हटाए गए सोसायटी में रखे गए बकरे**

इसके बाद 28 जून की शाम कोर्ट ने सोसायटी में बकरों को बिना परमिशन रखने को गलत बताया. कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने बिल्डिंग में रखे बकरों को हटाया. फिलहाल बकरों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को बीएमसी को ये सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया कि बकरीद के दौरान साउथ मुंबई की आवासीय कॉलोनी में पशुओं को अवैध तरीके से ना मारा जाए.

**बिना लाइसेंस के हलाल की अनुमति नहीं**

मामले की विशेष सुनवाई में जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस जितेंद्र जैन की बेंच ने कहा कि नैथानी हाइट्स सोसाइटी में जानवरों के हलाल की अनुमति सिर्फ तभी दी जा सकती है, जब नगर निकाय की तरफ लाइसेंस दिया गया हो.

**BMC अधिकारियों को दिए ये निर्देश**

हाईकोर्ट ने कहा कि अगर नगर निगम ने उस स्थान पर पशुओं को हलाल करने के लिए लाइसेंस जारी नहीं किया है, तो बीएमसी के अधिकारी पुलिसकर्मियों की मदद से जानवरों के हलाल को रोकने के लिए कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करेंगे. गौरतलब है कि बेंच सोसाइटी में रहने वाले हरेश जैन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें वहां जानवरों को मारे जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपील की गई थी.

# 1 जुलाई से मुंबई में पानी की कटौती...

## जलाशयों में बचा सिर्फ 26 दिन का पानी!



**मुंबई :** मुंबई में मॉनसून आ चुका है। शहर के विभिन्न हिस्सों में बीते तीन दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। जबकि मौसम विभाग ने भी मुंबई में अगले 3-4 दिनों तक अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। लेकिन इसके बावजूद मुंबई की प्यास बुझाने वाले प्रमुख जलाशयों (झीलों) में पानी का कम होना चिंता का विषय बन गया है। इस वजह से मुंबई के लोगों को 1 जुलाई से पानी की कटौती झेलनी पड़ेगी। मुंबई में मॉनसून के दस्तक देने की सामान्य तारीख 10 जून है। जबकि मुंबई में 25 जून को मॉनसून की एंट्री हुई। मॉनसून के लंबा खिंचने के कारण मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली सभी सात झीलों में केवल सात प्रतिशत पानी बचा है। चूंकि इतना पानी केवल अगले 26 दिनों के लिए पर्याप्त है। इसलिए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने 1 जुलाई से जलाशयों में पर्याप्त पानी भंडार होने तक शहर में 10 प्रतिशत पानी की कटौती की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि भले ही मुंबई शहर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश हो रही है, लेकिन जलाशयों के पास जितना जरुरत है, उतनी बारिश नहीं हुई है। इसलिए मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात जलाशयों में केवल 6.97 प्रतिशत पानी ही आपूर्ति योग्य बचा है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को बीएमसी प्रशासन ने पानी कटौती का फैसला लिया। अधिकारियों ने कहा कि जब तक मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली 7 झीलों में पर्याप्त पानी नहीं हो जाता तब तक पानी की कटौती की जाएगी। इस संबंध में बीएमसी के जल विभाग ने बीएमसी कमिश्नर व प्रशासक इकबाल सिंह चहल के पास 10 प्रतिशत पानी कटौती का प्रस्ताव भेजा था, जिसे कल मंजूरी दे दी गई। वहीं, सिडको ने आज (28 जून) से अपने आपूर्ति क्षेत्रों में 15 प्रतिशत पानी की कटौती शुरू कर दी है। बता दें कि मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात झीलों- भातसा, अपर वैतरणा, मध्य वैतरणा, तानसा, मोडक सागर, विहार और तुलसी की जल संग्रहण क्षमता 14 लाख 47 हजार 363 मिलियन लीटर है।

# इंजीनियर के साथ 1 लाख 82 हजार की ऑनलाइन ठगी... नौकरी का दिया था लालच

**नवी मुंबई :** ऑनलाइन नौकरी देने का लालच देकर उल्वे के एक इंजीनियर के साथ 1 लाख 82 हजार रुपये ठग लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है , इस बात की शिकायत न्हावा – शेवा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। बताया गया कि साइबर ठगो ने इंजीनियर को टास्क पूरा करने की बात कही थी।




**खाते में 180 रुपये भेजे गए**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता संकेत नाईक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, कोरोना काल में नौकरी चले जाने के बाद वह नौकरी की तलाश करने के लिए कई जगह अपने बायोडाटा भेजे थे, कुछ दिनों पहले उसके व्हाट्सअप पर एक मैसेज आया था जिसमें अच्छी नौकरी देने की बात कही गयी थी। उस मैसेज में कहा गया था कि यदि वह ऑनलाइन नौकरी करना चाहता है तो उसे काम मिल सकता है इस पर संकेत ने अपनी सहमति व्यक्त की थी। संकेत ने बताया कि उन लोगों ने उसे तीन टास्क पूरा करने के लिए कहा जब उसने वह टास्क पूरे कर दिए तो उसके खाते में 180 रुपये भेजे गए थे। इसके बाद उसे कई और टास्क पूरा करने के लिए दिए गए उसके द्वारा टास्क पूरा करने के बाद उसके खाते में रकम भी भेज दी जाती थी।

**शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज**

संकेत ने बताया कि राहुल नामक युवक ने उसे अलग अलग टास्क के नाम पर रकम मांगता रहा उसने उसका लाभ दिया लेकिन कुछ दिनों के बाद जब उसने लगभग 55 रुपए भेजने के बाद पैसे वापस मांगे तो राहुल ने कहा कि रकम डूब गयी है यदि वह अपने नुकसान की भरपाई चाहता है उसे और रकम भेजनी होगी, धीरे धीरे उन लोगों ने 1 लाख 80 की रकम ले ली और बाद में उन लोगों ने फोन बंद कर दिया। इसके बाद संकेत ने इस बात की शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई , पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# दो वर्षों से अटकी पड़ी है पंपिंग स्टेशन योजना



**मुंबई :** अंधेरी-पश्चिम में मोगरा नाले के पास मनपा का एक पंपिंग स्टेशन बनाने की योजना है। मनपा की मनमानी के चलते यह योजना दो वर्षों से अटकी पड़ी है और आने वाले समय में भी परियोजना के पूरी होने की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। यही कारण है कि थोड़ी बारिश होने के बाद भी अंधेरी-पश्चिम के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। अंधेरी पश्चिम के वसोर्वा, ओशिवारा, वैशाली नगर, अंबोली, लक्ष्मी इंडस्ट्रीयल इस्टेट आदि इलाकों में बरसात का पानी जमा हो जाता है। अंधेरी सबवे का उदाहरण सभी के सामने है, अंधेरी पूर्व और पश्चिम को कनेक्ट करने वाले एकमात्र सबवे में पानी इतना भर जाता है कि इसे बंद करना पड़ता है। इसका अनुभव मानसून के दस्तक के साथ ही हुई जोरदार बारिश से लोगों को हो गया है। हालांकि, यहां जलजमाव की समस्या से बचने के लिए मनपा ने एक मिनी पंपिंग स्टेशन बनाया है, लेकिन वह सफल नहीं साबित हुआ है। ऐसे में अंधेरी को बाढ़ से बचाने के लिए मनपा के पास कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ३९३ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पंपिंग स्टेशन के निर्माण के लिए मनपा प्रशासन ने जून २०२१ में ठेकेदारों का प्रस्ताव मंगवाया था। मनपा ने परियोजना की लागत में कमी लाने और भूमि अधिग्रहण से बचने के लिए इसे दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की योजना बनाई और इसे मोगरा नाला के पास सटाकर बनाने का काम शुरू किया। लेकिन वहां पर स्थानीय लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया और मामला अदालत तक पहुंच गया। अब कानूनी दांव पेच के चलते यह योजना लटक गई है।


# मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में पानी



**कल्याण :** मुंबई में मानसून इस बार भले ही देर से दस्तक दी हो लेकिन अब इसका पूरा असर देखने को मिल रहा है। डोंबिवली-पूर्व मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में पानी भरने की वजह से पुलिसकर्मियों के साथ शिकायत लेकर आए पीड़ितों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अन्य शहरों की तरह डोंबिवली शहर में भी बारिश ने पिछले दो दिनों से अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जिन वदीर्धारियों से बारिश में फंसे लोगों की मदद की उम्मीद की जाती है, वे खुद इस पुलिस स्टेशन में काम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तेज बारिश के करण डोंबिवली-पूर्व मानपाड़ा पुलिस थाने में पानी भर गया। पानी मे पुलिस कर्मचारी मजबूरन काम करते हुए दिखाई दिए। पानी भरने का मुख्य वजह नाले की ठीक तरह से सफाई न होना बताया जा रहा है। पानी भरने की सूचना पुलिस ने तुरंत एमआईडीसी के कर्मचारियों को दी। खबर मिलते ही सफाई कर्मचारी वहां पहुंचे और जेसीबी के माध्यम से नाले की सफाई की, जिसके बाद थाने में भरा पानी बाहर निकला। इस कवायद में तकरीबन एक घंटे से अधिक का समय लग गया। सुबह से दोपहर तक हुई बारिश की वजह से थाने में पानी भर गया, जिसकी वजह से दोपहर तक कोई कार्य नहीं हुआ। सभी पुलिसकर्मी काफी परेशान दिखे। हालांकि, नाला सफाई के बाद धीरे-धीरे पानी निकलना शुरू हुआ और कुछ समय बाद पूरा पानी बाहर निकल गया। तब जाकर काम शुरू हो सका।

थाने में पहुंचे एक शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सुबह के समय किसी काम से पुलिस स्टेशन पहुंचा था, लेकिन यहां आने के बाद उसने देखा कि यहां की तस्वीर ही बदली हुई है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब पुलिसकर्मियों ने नहीं सुनी तो वह वापस अपने घर जाने के लिए तैयार हो गए। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब पुलिस वाले खुद ही परेशान हैं तो वे किसकी सुनेंगे। इस तरह से कई शिकायतकर्ता बिना अपना काम कराए अपने घर लौट गए।

# इमारत के मीटर बाक्स रूम में लगी आग



**ठाणे :** कलवा की नो मंजिली इमारत के विद्युत मीटर रूम में अचानक आग लगने से धुआं धुआं हो गया जिससे रहवासियों में भगदड़ मच गयी। टोरेंट पावर कंपनी और अग्निशमन दल के कर्मचारियों ने आग को समय पर नियंत्रित कर लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। मनपा आपदा प्रबंधन अधिकारी यासिन तड़वी ने बताया कि आज दोपहर करीब 2 बजकर 55 मिनट पर कलवा टकोली मोहल्ला की मकुबा हाईट 9 मंजिली इमारत के मीटर रूम में अचानक आग लग गयी। आग से निकल रहे धुआं को देख इमारत के रहवासियों में भगदड़ मच गयी। इमारत में 30 - 35 लोग फंसे हुए थे जिन्हें अग्निशमन और आपदा प्रबंधन कक्ष के कर्मचारियों ने उन्हें बाहर निकालने में मदद की।

# महाराष्ट्र में भाजपा का मास्टर प्लान

## आठ दलों के साथ मिलकर लड़ेगी चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा भविष्य के चुनावों में महाविकास आघाड़ी से मुकाबले के लिए अपना परिवार भी बढ़ा रही है। शिवसेना (शिंदे) के अलावा वह सात और दलों को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बनाकर चुनाव मैदान में उतरने की योजना बना रही है। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के नेतृत्व में राजग में शामिल इन दलों की बैठक हुई और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

भाजपा और शिवसेना के अलावा इस गठबंधन में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले), प्रोफेसर जोगिंदर कवाड़े की पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी, स्वर्गीय विनायक मेटे द्वारा स्थापित शिव संग्राम पार्टी, सुलेखा कुंभारे के नेतृत्व वाली बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच, किसान नेता सदाभाऊ खोत की रैयत क्रांति संगठना तथा महादेव जानकर



की राष्ट्रीय समाज पार्टी शामिल हैं।

उपरोक्त दलों में आठवले, जोगिंदर कवाड़े एवं सुलेखा कुंभारे बौद्ध दलितों के विभिन्न वर्गों का नेतृत्व करने वाली पार्टियां हैं। सदाभाऊ खोत किसान नेता हैं। कभी किसान नेता राजू शेट्टी के साथी थे। अब उनसे अलग होकर भाजपा के साथ हैं। भाजपा और शिवसेना अपने गठबंधन में इन सभी छोटे दलों को शामिल कर राज्य के एक बड़े मतदाता वर्ग तक पहुंचने की योजना बना रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस गठबंधन को महायुति का नाम दिया।

## राउत का भाजपा पर निशाना

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) का महाराष्ट्र की राजनीति में रुचि लेना शिवसेना उद्धव गुट सहित महाविकास आघाड़ी के अन्य दलों को बिल्कुल नहीं भा रहा है। उद्धव गुट के प्रवक्ता संजय राउत बुधवार को केसीआर एवं भाजपा पर निशाना साधते दिखे।

उन्होंने कहा कि केसीआर वोट काटने के लिए ही महाराष्ट्र की राजनीति में प्रवेश करना चाहते हैं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख केसीआर पिछले दो दिन महाराष्ट्र की यात्रा पर थे। राउत ने केसीआर की ताजी गतिविधियों को भाजपा से जोड़ते हुए कहा कि भाजपा ने 2019 में ओवैसी को तैयार किया था, इस बार केसीआर को तैयार कर रही है।

# विरार पुलिस स्टेशन की टीम कार्रवाई में हुई सफल क्राइम डिटेक्शन टीम पकड़ी दो शातिर साइकिल चोर, 6 मामलो से हटा पदा

**विरार :** मीरा भाइंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत विरार पुलिस स्टेशन, क्राइम डिटेक्शन स्क्वाड के प्रदर्शन ने साइकिल चोरी के इस सराय में अपराधी को गिरफ्तार करके ०६ अपराधों को सुलझाया है। विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने वाली महिला ब्रेडा संतनु रॉ य ने शिकायत दी कि ओपी, हाउसिंग सोसाइटी पुष्पनगर विरार से १२/०६/२०२३ को सुबह ०४.३० से ८.३० बजे के बीच उनकी हीरो प्रिंट कंपनी की साइकिल चुरा ली। बता दे महिला की शिकायत पर विरार पुलिस स्टेशन में अपराध संख्या ५७५/२०२३ में धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया था। पिछले कुछ महीनों में विरार पुलिस स्टेशन सीमा में दिन और रात



के दौरान साइकिल चोरी के अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विरार पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम न वरिष्ठों द्वारा दिए गए निदेर्शों और मार्गदर्शन के अनुसार अपराधों की जांच शुरू कर दी। अपराध में आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन और मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी के पास यह लैंप होने का आरोप है जो कि जिला ठाणे में रहता पाया गया।

# नवी मुंबई मनपा में उपायुक्त बनने के लिए मंत्रालय प्रेशर



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपा में उपायुक्त बनने के लिए प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों ने सीधे मंत्रालय से प्रेशर बनाने की शुरूआत की है। मनपा गलियारे में इस बात की चर्चा है कि इन दिनों नवी मुंबई मनपा सबसे मलाईदार मनपा में गिनी जाती है इसलिए कई अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर आकर यहाँ से जाना नहीं चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि मनपा में कई अधिकारियों ने उपायुक्त बनने के लिए सीधे मंत्रालय का पावर दिखाने की शुरूआत की हुई है। जानकारी के अनुसार नवी मुंबई महानगरपालिका में कुछ अधिकारियों को नवी मुंबई महानगरपालिका में भेजा गया था जो नवी मुंबई मनपा में उपायुक्त के पद पर काम कर रहें हैं, सूत्रों का कहना है कि इन अधिकारियों को कुछ समय के लिए भेजा जाता है प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा होने के बाद वापस उसी जगह वापस लौटना होता है। जानकारी के अनुसार ऐसे ही कुछ अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा चुका है लेकिन यह लोग अब यहाँ से जाना नहीं चाहते हैं, ऐसे अधिकारियों ने सीधे मंत्रालय से प्रेशर बनाना शुरू किया है कि उन्हें अब यहीं नियमित कर देना चाहिए। जानकारी के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर आए कई अधिकारी उपायुक्त पद के योग्य नहीं होने के बावजूद भी वे प्रेशर डालकर उपायुक्त बनने का प्रयास कर रहें हैं। कई अधिकारी नवी मुंबई महानगर पालिका में पदोन्नति का भी प्रयास कर रहें हैं। सूत्रों का कहना है कई अधिकारी नवी मुंबई मनपा में अतिरिक्त आयुक्त पद पर विराजमान होना चाहते हैं लेकिन वे इस पद के योग्य नहीं होने के बावजूद मंत्रालय के चक्कर लगाने में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले नवी मुंबई मनपा के एक उपायुक्त के क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था लेकिन इस प्रकरण में सिर्फ विभागीय जांच कराने की बात सामने आयी थी लेकिन उस उपायुक्त से किसी प्रकार की कोई पूछताछ भी नहीं की गयी थी लेकिन मनपा आयुक्त ने कुछ अधिकारियों के विभाग अवश्य बदले थे।

# ठाणे और पालघर में भारी बारिश बनी मौत की वजह, दो लोग बहे



**पालघर :** महाराष्ट्र के ठाणे और पड़ोसी पालघर जिले में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई, जिसके कारण कई इलाकों में पानी भर गया और पेड़ गिरने की कई घटनाएं भी सामने आई हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई जलाशयों के अत्यधिक भर जाने और उफान पर होने के कारण पिछले दो दिन में दो लोग बह गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि बारिश से संबंधित घटनाओं में ठाणे जिले में कई कार क्षतिग्रस्त हुई हैं। नवी मुंबई नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ. बाबासाहेब रजले ने बृहस्पतिवार को बताया कि ठाणे जिले के नवी मुंबई में आलीशान 'एनआरआई कॉम्प्लेक्स परिसर में एक दीवार का एक हिस्सा बुधवार रात भारी बारिश के कारण ढह गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि परिसर में खड़ी कुछ कार क्षतिग्रस्त हो गईं।

अधिकारियों ने बताया कि ठाणे शहर के दिवा का 16 वर्षीय युवक बुधवार रात एक उफनते नाले में बह गया और उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। उसकी तलाश जारी है। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में ठाणे शहर में 200.08 मिलीमीटर बारिश हुई। इस साल जनवरी से अब तक शहर में 506.46 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 198.32 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के अनुसार, बुधवार और बृहस्पतिवार सुबह भारी बारिश के बाद ठाणे के भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर में कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। एक थाने में पानी भर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सार्वजनिक हुआ है। तडवी ने बताया कि स्थानीय दमकल कर्मी और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के दल युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।

ठाणे शहर में जलजमाव और पेड़ गिरने की सूचना देने के लिए कई लोगों के फोन आ रहे हैं। इन घटनाओं में करीब छह कार क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि पालघर में देवराम रामजी गिम्बल (45) मंगलवार को वाडा तालुका में एक उफनती धारा में बह गया। शव बुधवार को बरामद किया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस सिलसिले में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# धू-धू कर जल उठी स्कूल बस, वक्त रहते सभी बच्चों को निकाला गया बाहर



**विरार :** क्षेत्र में बुधवार को एक बस में आग लग गई. हादसे के वक्त आस-पास के इलाकों में अफरा- तफरी मच गई और लोगों ने चीखनाचिल्लाना शुरू कर दिया. राहत की बात ये है कि बस में सवार पांच स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए. फिलहाल बस में आग लगने की घटना से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई. यह घटना बुधवार सुबह पौने सात बजे विरार इलाके में एक कॉलेज के पास हुई. हादसे के वक्त बस में पांच विद्यार्थी सवार थे. बस स्कूल जा रही थी कि तभी अचानक से इसमें आग की लपटे उठने लगी. घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के चार लोगों टीम मौके पर पहुंची और आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया. घटना के वक्त बस के चालक और परिचालक ने बच्चों को शीघ्रतापूर्वक गाड़ी से उतारने में मदद की. अधिकारी ने बताया कि घटना में बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है. जानकारी के मुताबिक, शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगने का संदेह है.




बच्चे बोले-घूमने वाली सीट पर बैठकर मजा आ गया

# मध्यप्रदेश में दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस और दौड़ीं; सफर से लेकर लंच तक का अलग एक्सपीरियंस



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल के रानी कमलापति (ऋ्यस्क्ष) रेलवे स्टेशन से भोपाल-इंदौर-भोपाल और भोपाल-जबलपुर-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दोनों ट्रेनों में स्कूली बच्चे भी बैठे थे। वे सभी रोमांचित दिखे। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें ट्रेन में सबसे अच्छा क्या लगा तो किसी ने कहा- 360 डिग्री घूमने वाली सीट में मजा आ रहा है, तो किसी ने बताया- बाहर की आवाज ट्रेन के अंदर सुनाई ही नहीं दे रही। भोपाल से चली ट्रेन दोपहर 3 बजकर 4 मिनट पर इंदौर पहुंची। इसके स्टेशन पर पहुंचते ही जय श्री राम और मोदी के नारे लगे। सफर के दौरान भोपाल-इंदौर-भोपाल वंदे भारत का सीहोर, शुजालपुर, मक्सी और उज्जैन स्टेशन पर ढोल-ढमाके के साथ स्वागत किया गया। ट्रेन को देखने के लिए हर स्टेशन पर लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं, जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ये ट्रेन दोपहर बाद 4 बजे पहुंची। यह ऋ्यस्क्ष से सुबह 10.30 बजे चली थी। सफर के दौरान ट्रेन में सवार यात्री काफी खुश दिखाई दिए। कई लोगों ने ट्रेन के साथ सेल्फी भी ली। यात्रियों ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर का एक्सपीरियंस अलग ही रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर ऋ्यस्क्ष स्टेशन पहुंचे। प्लेटफॉर्म नंबर एक से एंट्री ली। पीएम सबसे पहले भोपाल टू इंदौर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के एग्जीक्यूटिव कोच के अंदर गए। मोदी के कोच में एंटर होते ही ट्रेन वंदे मातरम के नारों से गूंज उठी। मोदी ने बच्चों से बात की। ट्रेन के 4 एग्जीक्यूटिव क्लास कोच में केंद्रीय विद्यालय समेत करीब 7 स्कूलों के स्टूडेंट्स बैठे थे। पीएम मोदी कोच की पहली से आखिरी सीट तक गए। बच्चों ने मोदी को दिखाने के लिए खूबसूरत पेंटिंग्स बनाई थीं। कुछ बच्चे पीएम के लिए कविता लिखकर लाए थे। मोदी ने बच्चों की पेंटिंग्स देखीं और कविताएं सुनीं। उन्होंने बच्चों से करीब 15 मिनट तक बात की। बच्चे अपने साथ टिफिन बॉक्स लेकर गए थे। ट्रेन में भी उन्हें काफी फूड आइटम्स दिए गए। भोपाल-इंदौर-भोपाल वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रही केंद्रीय विद्यालय, सीहोर की छात्रा श्रेया मालपानी ने बताया- वंदे भारत ट्रेन में बैठकर बहुत अच्छा लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी और स्कूल अथॉरिटी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि हमें यह मौका दिया। छात्रा दिशा मुंशी ने बताया कि दूसरी ट्रेनों के मुकाबले इस ट्रेन में ज्यादा सफाई है। फूड फैसिलिटी है। सीटें भी काफी कम्फर्टेबल हैं। ट्रेनों में सफर के दौरान काफी आवाज आती थी, लेकिन वंदे भारत में बैठकर बाहर का माहौल पता ही नहीं चल रहा। भोपाल-जबलपुर-भोपाल वंदे भारत ट्रेन में बैठे सागर पब्लिक स्कूल के छात्र अद्वैत शर्मा ने बताया कि ट्रेन काफी अच्छी है। हाई स्पीड होने के साथ ही इसमें फ्री वाई-फाई और८ष्ट भी है। सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें 360 डिग्री रोटेटिंग सीट्स हैं। जब कोई जानवर सामने आता है तो ट्रेन अपने आप रुक जाती है। साधु वासवानी स्कूल के छात्र राजवीर ने कहा कि कुछ दिन पहले ही पता चला कि हम वंदे भारत ट्रेन में सफर करेंगे। बहुत एक्साइटेड थे। ट्रेन के टॉयलेट्स भी बहुत साफ हैं। इसी स्कूल की छात्रा प्रीति मिश्रा ने बताया कि ट्रेन में हाई टेक्नोलॉजी फैसिलिटीज हैं। बेस्ट पार्ट ट्रेन में बायो वैक्यूम टॉयलेट्स हैं। सीट्स काफी कम्फर्टेबल हैं। इसमें टेबल भी लगी हुई है, जो इसका प्लस पॉइंट है। फूड आइटम्स में हमें बहुत कुछ मिला है, सबसे अच्छी कचौड़ी लगी। पीएम मोदी ने बच्चों से पूछा- आप लोग योग करते हैं? उन्होंने हाल ही में 21 जून को बीते योग दिवस के बारे में भी पूछा। उन्होंने बच्चों से कहा- आप सब लोग यूपीआई पेमेंट करते हैं या नहीं? नहीं करते तो अब शुरू कर दीजिए। एक हफ्ते करके देखेंगे तो अच्छा एक्सपीरियंस होगा। ये देश और आप दोनों के लिए अच्छा है। वंदे भारत ट्रेन में बैठे पैसेंजर्स ने 360 डिग्री रोटेटिंग सीट विंडो की तरफ घुमा ली थी। इस दौरान बारिश होने से मौसम सुहाना था। सभी बाहर का खूबसूरत व्यू अपने मोबाइल में कैप्चर करने से खुद को रोक नहीं पाए। वंदे भारत ट्रेन में बैठे पैसेंजर्स ने 360 डिग्री रोटेटिंग सीट विंडो की तरफ घुमा ली थी। इस दौरान बारिश होने से मौसम सुहाना था। सभी बाहर का खूबसूरत व्यू अपने मोबाइल में कैप्चर करने से खुद को रोक नहीं पाए। सागर पब्लिक स्कूल भोपाल की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रवालिका पांडे ने पीएम मोदी से पूछा- एग्जाम वॉरियर किताब लिखने की प्रेरणा कहां से मिली ? पीएम ने उत्तर दिया- अपने अनुभवों के आधार पर लिखा है।

कूनो में भिड़े 4 चीते, एक घायल

# अग्नि-वायु ने गौरव-शौर्य पर हमला किया; टेरेटरी फाइट में अग्नि चीता घायल



**श्योपुर।** श्योपुर कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में जोड़े में रहने वाले अग्नि-वायु और गौरव-शौर्य के बीच टेरेटरी फाइट हो गई। मंगलवार को चीतों के बीच हुई इस फाइट में अग्नि चीता घायल हुआ है। डॉक्टरों की निगरानी में रखकर उसे उपचार दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जंगल में अग्नि और वायु एक साथ रहते हैं। उधर, गौरव और शौर्य भी सगे भाई हैं, जो हमेशा एक साथ दिखते हैं। नामीबियाई चीते गौरव और शौर्य मस्त रहने वाले चीते हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से लाए गए अग्नि और वायु ज्यादा तेज तर्रार हैं। वह अपने इलाके में किसी का भी दखल या मूवमेंट बर्दाश्त नहीं करते। मंगलवार को चीतों का आमना-सामना हो गया। हर बार की तरह अग्नि और वायु ने गौरव और शौर्य पर अटैक कर दिया। गौरव और शौर्य ने जवाब दिया तो अग्नि चीता घायल हो गया। वायु को हल्की चोट आई है। बता दें, यह वही अग्नि और वायु है, जिन्होंने पूर्व में हमला कर एक चीते को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। कूनो के क्वारेंटाइन बाड़े घायल चीतों पर सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। उन्हें उपचार दिया जा रहा है। सीसीएफ उत्तम शर्मा ने बताया कि वायु को मामूली चोट आई है। उसे ज्यादा दिक्कत नहीं है। फिर भी उसे अग्नि के साथ क्वारेंटाइन बाड़े में रखा गया है। अग्नि और वायु चीते हमेशा साथ रहते हैं। शिकार को भी मिल बांट कर खाते हैं। जब भी किसी और जानवर से टकराव होता है तो दोनों मिलकर उस पर अटैक करते हैं। इसलिए इन दोनों चीतों को बाड़े में साथ रखा गया है। चीतों को कूनो के खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। इनमें से कुछ ने अपनी टेरेटरी बना ली है। चीतों को कूनो के खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। इनमें से कुछ ने अपनी टेरेटरी बना ली है। घायल अग्नि चीता डॉक्टरों की निगरानी में है। वह कब तक स्वस्थ होगा, यह डॉक्टर अभी नहीं बता पा रहे हैं। गौरव और शौर्य चीते पूरी तरह से स्वस्थ हैं, जो अभी भी खुले जंगल में हैं। उन पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## मौत का महोत्सव मनाने वालों की कहानी

**जबलपुर।** गुरु तो है पूर्णिमा जैसा और शिष्य है आषाढ़ जैसा। शरद पूर्णिमा का चांद तो सुंदर होता है, क्योंकि आकाश खाली है। वहां शिष्य है ही नहीं, गुरु अकेला है। आषाढ़ में सुंदर हो, तभी कुछ बात है, जहां गुरु बादलों जैसा घिरा हो शिष्यों से। शिष्?य सब तरह के जन्?मों-जन्?मों के अंधेरे को लेकर आते हैं। वे अंधेरे बादल हैं, आषाढ़ का मौसम है। उसमें भी गुरु चांद की तरह चमक सके, उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी रोशनी पैदा कर सके, तो ही गुरु है। अपने शिष्यों को इस रहस्यदर्शी और दार्शनिक भाषा में गुरु-शिष्य संबंध को समझाने वाली शख्सियत का नाम है ओशो। अब वे इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन किसी भी ओशो ध्यान केंद्र पर यह लिखा हुआ देखा जा सकता है। इसीलिए हर साल गुरु पूर्णिमा पर उनके शिष्य खास तैयारी करते हैं। इस बार भी 3 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के लिए जबलपुर में बड़े पैमाने पर ध्यान शिविर की तैयारी है। महापुरुषों के जीवन पर साल में इक्के-दुक्के दिन फूलों की माला पहनाने जैसा ये रस्म अदायगी का मामला नहीं है, बल्कि ओशो के शिष्य अनोखे होते हैं, मौज वाले होते हैं, मस्ती में नाचते हैं और मौत पर मातम नहीं महोत्सव मनाते हैं।

मध्यप्रदेश में अब 5 रुपए में भरपेट खाना

# 7 जुलाई तक हो सकेंगे ट्रांसफर, 6 नए मेडिकल कॉलेज को भी कैबिनेट की मंजूरी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पं. दीनदयाल रसोई योजना के तहत मिलने वाली खाने की थाली अब 5 रुपए में मिलेगी। अब तक यह थाली 10 रुपए में मिला करती थी। पहले कैबिनेट में प्रस्ताव आया कि इस थाली का नाम %मामा की थाली% रख दिया जाए। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खारिज कर दिया। गृहमंत्री ने बताया कि इस पं. दीनदयाल रसोई योजना को नगर निगम के साथ नगर पालिकाओं से भी जोड़ा जाएगा। कैबिनेट बैठक में बुधवार को प्रदेश में 6 नए मेडिकल कॉलेज खोलने को भी मंजूरी दी गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि नए मेडिकल कॉलेज खरगोन, धार, भिंड, बालाघाट, टीकमगढ़ और सीधी जिले में खोले जाएंगे। सरकारी कर्मचारियों के तबादले 7 जुलाई तक हो सकेंगे। पहले ट्रांसफर की तारीख 30 जून तय की गई थी। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया, %प्रदेशभर में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक विकास पर्व मनाया जाएगा। इसमें सभी विधायक, सांसद, मंत्री पूरे प्रदेश में हुए कामों का उद्घाटन और स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास करेंगे। आज कैबिनेट में माइक्रो इरिगेशन में राष्ट्रीय अवॉर्ड के लिए मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री को बधाई दी और प्रधानमंत्री का आभार जताया।

## मुख्यमंत्री योगी ने गौतमबुद्धनगर में किया

# 1718 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**एजेंसी, नोएडा,** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गौतमबुद्धनगर जिले में 1718 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।




मुख्यमंत्री ने नोएडा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में नई पहचान बना रहा है। वहीं विपक्षी दल भारत की इस विकास यात्रा में गतिरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर आपातकाल के लिए कांग्रेस पर हमला बोला और समाजवादी पार्टी को भी घेरा।

आदित्यनाथ ने कहा कि 48 साल पहले कांग्रेस ने आपातकाल के जरिए लोकतंत्र का गला घोटने का प्रयास किया था। उस समय लोकतंत्र सेनानियों ने एकजुट होकर कांग्रेस के इस षड्यंत्र का विरोध किया था। यातनाएं सहकर लोकतंत्र को बचाने का काम किया था। मैं उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि उस दौरान लोकनायक जयप्रकाश के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी समेत समूचा विपक्ष कांग्रेस के इस षड्यंत्र के खिलाफ एकसाथ था।

मुख्यमंत्री ने कहा के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत नई पहचान बना रहा है। वैश्विक मंच पर भारत बेहतर वातावरण बनाने के लिए कार्य कर रहा है। आज भारत अमृत काल में चल रहा है। इस अनवरत यात्रा को कांग्रेस के साथ मिलकर जदयू, सपा, रालोद और अन्य दल एकजुट होकर इस यात्रा को रोकने का काम कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता सब जानती है और इनके भ्रष्ट कारनामों को भी जानती है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता इनको एक बार फिर सबक सिखाएगी।

## देश की आजादी का महामंत्र है वंदे मातरम् : डॉ नरेंद्र सिंह

प्रयागराज । बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम् गीत की रचना करके स्वतंत्र भारत के आंदोलन में देशभक्ति की प्राण वायु फूंक दिया। देश की आजादी का महामंत्र है वंदे मातरम्। जिसे गाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व झोंक दिया।

यह बातें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने मंगलवार को राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के 185वीं जयंती के अवसर पर प्रयागराज गौरव अनुभूति आयोजन समिति द्वारा जिला पंचायत सभागार में सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन का आयोजन भी किया गया।

सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत वास्तव में भारत का साक्षात दर्शन कराती है। जिस वंदे मातरम् गीत को गाकर हमने देश के आजादी पाई है। आजादी के बाद उसके खिलाफ कुछ लोग अपनी वोट बैंक की लालच में राष्ट्र विरोधी ताकतों को बल देने का काम आज भी कर रहे हैं। ऐसे लोगों से हमें डट कर मुकाबला करना होगा।

## विपक्षी दल अपने परिवार को बचाने के लिए गठबंधन कर रहे : भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से बचने के लिए तमाम विपक्षी दल मिलकर अपना एजेण्डा सेट करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्षी दल भ्रष्टाचार से अर्जित सम्पति व साम्राज्य तथा परिवार को बचाने के लिए गठबंधन कर रहे हैं लेकिन देश की जनता का गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के साथ हो चुका है।



प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को लखनऊ में 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत" कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद बोल रहे थे। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन हम सभी के लिए प्रेरक है। उत्तर प्रदेश के सभी बूथों, 27634 शक्ति केन्द्रों तथा 1918 मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के बताए बूथ के कार्यों के साथ पार्टी की प्रदेश ईकाई का प्रत्येक सदस्य बूथ को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगा। प्रधानमंत्री का प्रेरक उद्बोधन सभी कार्यकर्ताओं का मार्ग प्रशस्त करेगा और श्रेष्ठ कार्यकर्ता निर्माण तथा मजबूत बूथ की संरचना तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

## विपक्षी एकता तभी संभव है, जब राहुल गांधी को तीसरी बार नेता के तौर पर प्रोजेक्ट नहीं करें : प्रियंका कक्कड़




नई दिल्ली। विपक्षी एकता पर आम आदमी पार्टी ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। अगर कांग्रेस संसद में दिल्ली अध्यादेश का विरोध नहीं करती है तो आप कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष का हिस्सा नहीं बनेगी। अब आप ने कांग्रेस के सामने एक नई शर्त रखी है। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा है कि कांग्रेस को राहुल गांधी को तीसरी बार नेता के तौर पर प्रोजेक्ट नहीं करना चाहिए।

आप नेता ने कांग्रेस के संविधान को बचाने के मिशन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर देश को बचाना है तो सबसे पहले कांग्रेस को यह घोषणा करनी चाहिए कि वह तीसरी बार राहुल गांधी पर दांव नहीं लगाएगी और विपक्ष को मजबूर नहीं करेगी। देश के हित में, यह संविधान को बचाने से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

आप प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और संजय सिंह ने 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में बुलाई गई विपक्षी दलों की मेगा बैठक में भाग लिया। आप नेता संयुक्त बयान के लिए बैठक में नहीं रुके और दोपहर के भोजन के बाद वापस दिल्ली चले गए। दिल्ली से आप ने एक बयान जारी कर कहा कि अगर कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश के मुद्दे पर आप का समर्थन नहीं करती है तो कांग्रेस के साथ कोई भी गठबंधन करना बहुत मुश्किल होगा।

बैठक में जहां केजरीवाल ने सीधे राहुल गांधी से बात की और उनसे मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का आग्रह किया, वहीं राहुल गांधी ने उनसे कहा कि अध्यादेश पर चर्चा करने की एक प्रक्रिया होती है। बैठक में मौजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रस्ताव दिया कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को चाय या दोपहर के भोजन पर मतभेदों को दूर करना चाहिए।




# आलिया सिद्दीकी का पूजा भट्ट पर बड़ा वार, बोलीं- 'जो महिला खुद मां नहीं बन पाई वह...





'बिग बॉस ओटीटी 2' की कमान पूरी तरह से दर्शकों के हाथ में है। शो में एक के बाद एक दिलचस्प ट्विस्ट आ रहे हैं। सलमान खान के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को चौंका दिया। इस एविक्शन के दौरान आलिया सिद्दीकी को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वहीं, आलिया बेघर होने के बाद बिग बॉस हाउस और इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर खुलकर बातचीत करती नजर आई हैं। साथ ही पूजा भट्ट पर जमकर निशाना साधा है। आलिया सिद्दीकी मिड वीक एविक्शन से पूरी तरह शॉक हैं। वहीं, आलिया ने डीएनए से बातचीत के दौरान नेशनल टेलीविजन पर उनके खिलाफ पूजा भट्ट की ओर से की गई अनुचित टिप्पणी पर जमकर भड़ास निकाली है। दरअसल, बीते टास्क में आलिया और पूजा दो अलग-अलग टीम की इंचार्ज थीं ऐसे में आलिया ने कुछ ऐसे फैसले लिए जिससे पूजा खासा नराज हो गईं। इतना ही नहीं पूजा ने तो आलिया का अपमान करते हुए यह तक कह दिया कि सिर्फ बच्चा पैदा करने से कोई मां नहीं बन जाता। पूजा भट्ट की इस टिप्पणी से आलिया सिद्दीकी काफी आहत हुई हैं। साथ ही उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए पूजा पर वार कर कहा है, 'पूजा जी एक नकली आभा के साथ जीती हैं। जो औरत खुद अपने जीवन में मां नहीं बन पाई, वह उसके मूल्य और किसी और की भावनाओं को क्या ही समझेगी।' आलिया सिद्दीकी यहीं नहीं रुकीं और उन्होंने आगे जोड़ा कि वह कई अन्य महिलाओं से मिली हैं जो मातृत्व को समझाने में असमर्थ हैं, लेकिन वे दूसरों के लिए महसूस करती हैं। आलिया ने कहा, 'पूजा जी एक जख्मी औरत हैं, और वह भावनात्मक रूप से अलग इंसान हैं।'


# 'इश्क-विश्क' करके सिनेमा की दुनिया में छा गई थीं शेनाज, जानें अब कहां हैं लापता?



29 जून 1981 के दिन मुंबई में पारसी फैमिली में जन्मी शेनाज ट्रेजरी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने फिल्म 'इश्क विश्क' से बॉलीवुड डेब्यू किया था. बता दें कि एक्टिंग की दुनिया से पहले शेनाज ने मॉडलिंग की थी, जिसमें वह किस्मत से पहुंची थीं. दरअसल, जब शेनाज कॉलेज में थीं, उस वक्त उन पर एक फोटोग्राफर की नजर पड़ी. इसके बाद शेनाज को मॉडलिंग करने का मौका मिल गया. इसके बाद उन्होंने एमटीवीज मोस्ट वॉन्टेड प्रोग्राम में बतौर वीडियो जॉकी काम किया. हालांकि, इससे पहले वह कई विज्ञापनों में काम कर चुकी थीं. बता दें कि शहनाज ने मुंबई में ग्रैजुएशन किया, जिसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए न्यूयॉर्क चली गईं. वहां उन्होंने ली स्ट्रासबर्ग थिएटर और फिल्म संस्थान से मेथड एक्टिंग की पढ़ाई की. साथ ही, राइटिंग का कोर्स भी किया.

गौर करने वाली बात यह है कि शेनाज ने फिल्मों में आने से पहले ही टीवी की दुनिया में काफी नाम कमा लिया था. दरअसल, शेनाज का पेप्सी वाला विज्ञापन काफी मशहूर हुआ. इसके बाद उन्होंने साल 2001 में तेलुगू फिल्म 'एद्रुलेनी मनिषि' में काम किया गया. वहीं, साल 2003 में उन्होंने फिल्म 'इश्क विश्क' से बॉलीवुड में कदम रखा. इस फिल्म में शेनाज सेकेंड लीड में थीं, लेकिन उनका काम काफी पसंद किया गया. इस फिल्म के लिए शेनाज को फिल्मफेयर का बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड भी मिला था.

# 'फुकरा इंसान' को 'जननी' कहने पर ट्रोल हो रही फलक नाज... भड़के फैंस बोले-शर्म आनी चाहिए इसे





अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान फिलहाल बिग बॉस ओटीटी 2 में अपने गेम से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। घर में दूसरी लड़कियों से जिस तरीके ट्रीट कर रहे हैं, वो भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। हाल ही में फलक नाज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फुकरा इंसान, ह्यजननीह्व और ह्यछक्काह्व कहती नजर आ रही हैं। इससे उनके फैंस नाराज हो गए हैं और फलक को खरी-खोटी सुना रहे हैं। अभिषेक मल्हान के एक फैन ने अपने ट्विटर पर बिग बॉस ओटीटी 2 के लाइव फीड से एक वीडियो शेयर किया, जिसमें फलक नाज को अविनाश से अभिषेक के बारे में बात करते और उन्हें ह्यजननीह्व कहते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, बिग बॉस ने लाइव फीड में इस शब्द को म्यूट कर दिया। हाल ही में अभिषेक मल्हान ने फलक को कमजोर कंटेस्टेंट क्या कह दिया दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। अभिषेक के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने पर एक्ट्रेस को आलोचना का सामना करना पड़ा। कमेंट में से एक में लिखा था, ''यह बेतुकी टीम है, लोग व्यक्तिगत रूप से उन्हें गोल्ड डिगर बताकर हमला कर रहे हैं और जब कोई उन्हें आईना दिखाता है तो वे हाइपर हो जाते हैं। अब वे राष्ट्रीय टीवी पर न केवल अभिषेक बल्कि पूरे समुदाय का अपमान कर रहे हैं। मैं नहीं जानता कि आईटीवी मुझे कितना निराश कर सकता है।''

एक अन्य ने लिखा, ''इसकी क्लास लेनी ही होगी ६'५ पर सलमान खान अगर आप सच में असली है तो इन नेपो गैंग और इस निम्न वर्ग की महिलाओं का समर्थन नहीं करेंगे।'' एक अन्य फैन ने कमेंट किया, ''इन्हें शर्म आनी चाहिए सालों को या मैं बोलता हूं सलमान को भी जो बेबिका या पूजा को सपोर्ट कर रहे हैं।'' एक अन्य ने ट्वीट किया, ''फलक नाज बहुत निगेटिव और जहरीली हैं।''

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com